तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जून 2026



11 पीएम मोदी की गारंटी और साय सरकार की प्रतिबद्धता...





12 प्रतिबंध के बावजूद बीच बाजार से निकल रहा...











# इंदागांव में गहराया जल संकट, झरिया और नदी का दूषित जल पीने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

## आज तक नहीं मिल पाया है नल-जल योजना का लाभ





आदिवासी विकासखंड मैनपुर के वनांचल क्षेत्र में बसा ग्राम पंचायत इंदागांव इन दिनों भीषण पेयजल संकट का सामना कर रहा है। लगभग 3000 की आबादी और 700 परिवारों वाले इस गांव के कई वार्ड आज भी मूलभूत पेयजल सुविधाओं से वंचित हैं। विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 7 (दंतापारा) की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार यहां 50 से 100 से अधिक परिवार निवासरत हैं, लेकिन आज तक नल-जल योजना का लाभ नहीं पहुंच पाया है। क्षेत्र में न तो नल सुविधा उपलब्ध है और न ही स्वच्छ पेयजल की कोई वैकल्पिक व्यवस्था है। ग्रामीण आज भी झरिया एवं कुओं के पानी पर निर्भर हैं, जो भीषण गर्मी के कारण सूखने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या केवल वार्ड 7 तक सीमित नहीं है। पंचायत के अन्य वार्डों में भी अधूरी बोरिंग, अपूर्ण पाइपलाइन कार्य तथा निर्माण के बाद भी बंद पड़ी जल टंकियों के कारण पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ माह पूर्व जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान वार्ड 3 एवं वार्ड 7 में शीघ्र बोरिंग कराने का आश्वासन दिया गया था, किन्तु अब तक कोई ठोस कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभागों से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल हैंडपंप एवं बोरिंग की व्यवस्था की जाए, अधूरी नल-जल योजना को शीघ्र पूर्ण ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचते पकड़ाया युवक

**अभनपुर।** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि ग्राम कोलर निवासी दुश्यंत यदु (23 वर्ष) अभनपुर-सारखी मार्ग स्थित सदबुंदिया तालाब के पास अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम ने गवाहों की उपस्थिति में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा।तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15 अद्धी एवं 5 पौवा देशी मसाला शराब, कुल 6.525 बल्क लीटर शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 3,500 रुपये बताई गई है। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया।

### सुपरवाइजर की बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम सुनसुनिया में एक घर से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को राजेंद्र कुमार पैकरा ने बताया कि वह वार्ड नं 01 ग्राम सुनसुनिया का निवासी है और स्वास्थ्य विभाग मे सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। 17/05/2026 की शाम लगभग 17.30 बजे अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद अपने घर आया और अपनी पुरानी इस्तेमाली मोटर सायकल सीजी 04 एमएच 4723 को घर के सामने खड़ी किया था। अगले दिन सुबह 7.30 बजे जब देखा तब बाइक उक्त जगह पर नहीं थी। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला से मारपीट, तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पुरानी बातों को लेकर ग्राम पतेरापाली की एक महिला के साथ मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को आशा सेन निवासी वार्ड नं 05 डोंगरीपारा पतेरापाली ने बताया कि 24 मई को पुरानी बातों को लेकर ग्राम पतेरापाली के किरण पटेल, बिल्लू पटेल, पूजा सिदार ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का व चप्पल से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### बंटवारा को लेकर बड़े भाई से मारपीट

**महासमुंद।** घर बंटवारा की बात को लेकर बड़े भाई के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। बाजार पारा वार्ड नं 11 सरायपाली के बजरंग डोंगरी ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई दिलीप डोंगरी घर बंटवारा को लेकर विवाद कर झगडा करता रहता है। 31 मई को भी करीबन 2.10 बजे दिलीप डोंगरी ने नशे की हालत में घर बंटवारा करने के बात करते हुए गालियां देते हुए उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया।

### महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। घर के बाहर गली में गाली गलौज कर रहे व्यक्ति ने एक महिला के साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को शकुनबाई बघेल ग्राम कोकड़ी ने बताया कि 31 मई की रात 08 बजे से 08.30 बजे के बीच गांव का निरंजन बांधे उसके घर के बाहर गली में गाली गलौज कर रहा था।

## विरोध : प्रति एकड़ 2 बोरी यूरिया और 2 बोरी डीएपी की मांग, सैकड़ों किसानों ने किया प्रदर्शन

# खाद संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा जब तक नीति नहीं बदलेगी नहीं खरीदेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद





खरीफ सीजन की दस्तक के साथ ही खाद संकट ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं होने से नाराज देवरी और परतेवा के सैकड़ों किसानों का आक्रोश सोमवार को फूट पड़ा। किसानों ने देवरी स्थित कृषक सेवा सहकारी समिति कार्यालय को खुलने नहीं दिया और समिति परिसर में एकत्र होकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक प्रति एकड़ दो बोरी यूरिया और दो बोरी डीएपी उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, तब तक वे समिति से खाद की खरीदी नहीं करेंगे। सोमवार सुबह बड़ी संख्या में किसान देवरी समिति प्रांगण में एकत्र हुए और खाद की कमी को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि मानसून की शुरुआत के साथ ही खेती-किसानी की तैयारियां तेज हो चुकी हैं, लेकिन क्षेत्र में खाद का पर्याप्त भंडारण नहीं होने से बोआई प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा है। कई किसान सुबह से खाद केंद्रों में लाइन लगाकर इंतजार करते हैं, लेकिन जरूरत के अनुरूप खाद नहीं मिलने से उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि हर वर्ष खरीफ सीजन में खाद संकट की स्थिति बनती है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जाती। किसानों का कहना है कि वर्तमान वितरण व्यवस्था उनकी खेती की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक किसान को प्रति एकड़ कम से कम दो बोरी यूरिया और दो बोरी डीएपी उपलब्ध कराया जाए, ताकि समय पर खेती का कार्य पूरा किया जा सके।

### किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही

किसानों ने प्रशासन पर खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए कहा कि पर्याप्त स्टॉक और सुव्यवस्थित वितरण नहीं होने से किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उनका कहना है कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुई तो इसका सीधा असर फसल उत्पादन और किसानों की आय पर पड़ेगा। प्रदर्शन के बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर, एसडीएम और शाखा प्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र के किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी उपलब्ध कराने, खाद केंद्रों में स्टॉक बढ़ाने तथा वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की मांग की गई है। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



### 15 हजार अर्थदंड

जिले के फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (पॉक्सो एवं बलात्कार प्रकरण) ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में आरोपी पुस्तम उर्फ गुड्डु यदु को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 15 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश गंगा पटेल की अदालत ने सुनाया। विशेष लोक अभियोजक हरि नारायण त्रिवेदी के अनुसार आरोपी का पीड़िता के गांव में अक्सर आना-जाना था, जिससे दोनों के बीच परिचय हुआ। वर्ष 2025 में आरोपी ने पीड़िता के समक्ष प्रेम संबंध और विवाह का प्रस्ताव रखा। पीड़िता द्वारा स्वयं को नाबालिग बताते हुए मना करने के बावजूद आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर अपने झांसे में लिया और उसका शोषण करता रहा। अभियोजन के अनुसार बाद में जब पीड़िता ने विवाह की बात की तो आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके ▸▸ शेष पेज 10 पर

## नाबालिग ने थामी स्टेयरिंग तो वाहन मालिक पर गिरेगी गाज, 25 हजार का होगा जुर्माना

**नवापारा-राजिम।** नाबालिको एवं उनके पालको के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अब भारत में 1 जून 2026 से नाबालिग 18 वर्ष से कम उम्र द्वारा वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत बेहद कड़े कानूनी प्रावधान और जुर्माने लागू कर दिए है। सरकार ने नियमों को सख्त करते हुए बिना वैध लाइसेंस गाड़ी चलाने या नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर भारी जुर्माना और कड़ी सजा का प्रावधान कर दिया गया है। यदि कोई नाबालिग 18 वर्ष से कम गाड़ी चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो गाड़ी के मालिक/अभिभावक पर 25 हजार का भारी जुर्माा लगेगा। साथ ही वाहन का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा और वह नाबालिग 25 वर्ष की उम्र तक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अयोग्य घोषित हो जाएगा। ठीक इसी तरह ओवरस्पीडिंग के लिए जुर्माना राशि 1 और 2 हजार के बीच रखी गई है। यदि कोई प्राइवेट ड्राइविंग स्कूल बिना सही ट्रेनिंग और टेस्ट के सर्टिफिकेट जारी करता है, तो उस पर भी 5 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। इस नए आदेश से पालको को सावधान हो जाना पड़ेगा वर्ना आगे पछताना होगा।

# साल्हेभाठ के चारागाह के बेजा कब्जा व अवैध कटाई की रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर





गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर के ग्राम साल्हेभाठ मे एक किसान द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर जहां सरकारी जमीन को चारो तरफ से फेंसिंग तार से घेर लिया है वही दूसरी ओर सरकारी जमीन मे लगे वर्षो पुराने दर्जनो वृक्षो को बगैर अनुमति के अवैध रूप से काटा गया है इस मामले की शिकायत ग्रामीणों ने पूर्व मे किया था तो संबंधित पटवारी द्वारा इसकी जॉच पंचनामा रिपोर्ट तत्कालीन तहसीलदार को सौपा था लेकिन अब तक इस मामले मे कोई कार्यवाही नहीं होने से ग्राम पंचायत गोपालपुर के ग्रामीणो मे भारी नराजगी देखने को मिल रही है इस मामले की शिकायत आगामी 04 जून को गौरघाट मे आयोजित सुशासन तिहार मे ग्रामीणो द्वारा किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर लगभग 05 किमी दूर ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम सालहेभाठ के खसरा क्रमांक 302/1 मे एक कृशक देवराम साहू द्वारा ग्रामीणो द्वारा शासकीय भूमि चारागाह के लिए रखे गये जमीन पर चारो तरफ फेंसिंग तार लगाकर कब्जा कर ▸▸ शेष पेज 10 पर

# गौमाता के साथ घिनौनी हरकत का आरोप युवाओं ने पुलिस को सौंपा सीसीटीवी फुटेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम



शहर की धार्मिक आस्था और मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि बीती रविवार की रात लगभग एक से डेढ़ बजे के बीच मां काली मंदिर गंज रोड के सामने एक युवक द्वारा गौमाता के साथ घिनौनी हरकत की गई। इस घटना का उल्लेख नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष एवं हिंदुवादी नेता भूपेंद्र सोनी ने नगर के एक सोशल मीडिया ग्रुप में तस्वीर साझा करते हुए किया, जिसके बाद पूरे नगर में आक्रोश फैल गया। सोशल मीडिया में वायरल हो रही तस्वीर में एक युवक मोटरसाइकिल के पास दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि युवक हल्की दाढ़ी और चश्मा लगाए हुए था। घटना सामने आते ही नगर के लोगों ने उसकी पहचान करने की मुहिम शुरू कर दी है। लोग अलग-अलग माध्यमों से तस्वीर के आधार पर आरोपी की पतासाजी में जुट गए हैं। घटना को लेकर सनातन धर्म से जुड़े लोगों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यह केवल एक अपराध नहीं बल्कि धार्मिक आस्था और समाज की भावनाओं पर सीधा प्रहार है। नगरवासियों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि आरोपी की जल्द से जल्द पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाए तथा उसके खिलाफ कठोरतम ▸▸ शेष पेज 10 पर

## मानसून की आस में तैयारियों में जुटे किसान

# नौतपा का आखिरी दिन, लू से मिलेगी राहत


हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



भीषण गर्मी और आग उगलती धूप से झुलस रहे लोगों के लिए अब राहत भरी खबर सामने आने लगी है। आज मंगलवार नौतप्पा का आखिरी और अंतिम दिन है। पिछले नौ दिनों से सूर्यदेव ने मानो धरती पर अग्निवर्षा कर दी हो। सुबह होते ही तेज धूप, दोपहर में तपती हवाएं और रात में भी उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया था। नौतप्पा के इस दौर ने बच्चों, बुजुर्गों, मजदूरों, व्यापारियों, कर्मचारियों और किसानों सभी को बुरी तरह प्रभावित किया। इस बार का नौतप्पा सामान्य वर्षों की तुलना में कहीं अधिक तपन वाला रहा। तापमान लगातार ऊँचाई पर बना रहा और लू के थपेड़ों ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। सड़कें दोपहर में सूनी नजर आने लगीं, बाजारों में चहल-पहल कम हो गई और लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हुए। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को उठानी पड़ी जो रोजी-रोटी के लिए धूप में काम करने निकलते हैं। खेतों में भी सन्नाटा पसरा रहा क्योंकि किसान मानसून की प्रतीक्षा में आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। हालांकि अब उम्मीद की किरण दिखाई देने लगी है। मंगलवार को नौतप्पा समाप्त होते ही लोगों को तेज गर्मी से कुछ राहत मिलने की संभावना है। मौसम में धीरे-धीरे बदलाव शुरू होगा। हवाओं की दिशा बदलने लगेगी और तपिश में कमी महसूस होगी। यद्यपि बुधवार से पाँच दिनों तक पंचक का प्रभाव बना रहेगा, लेकिन नौतप्पा जैसी प्रचंड गर्मी अब देखने को नहीं मिलेगी। लोग भी राहत की सांस लेने लगे हैं कि अब धीरे-धीरे मौसम सुहाना होने की ओर बढ़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के चेहरों पर भी उम्मीद साफ दिखाई देने लगी है।

**किसानों को मानसून का इंतजार, खेतों में हलचल शुरू-** खेतों की साफ-सफाई, ट्रैक्टरों की मरम्मत और बीजों की तैयारी का कार्य शुरू हो चुका है। किसान मानसून की पहली बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं ताकि खेती-किसानी का काम आरंभ किया जा सके। गाँवों में चर्चा शुरू हो गई है कि यदि समय पर मानसून आ गया तो इस बार खेती अच्छी होगी और किसानों को राहत मिलेगी। मौसम जानकारों का ▸▸ शेष पेज 10 पर

# ग्रामों के 75 फीसदी से ज्यादा तालाब सूखे



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में इस भीषण गर्मी के चलते तालाब का पानी 75 प्रतिशत से ज्यादा सुख गया है और कई तालाब पूरी तरह सुख चुका है जहां थोड़ा पानी है वह गंदा मटमैला हो गया है जिसके कारण इसका उपयोग निस्तार के लिए नहीं हो पा रहा है और इन दिनों निस्तारी जल के साथ ही मवेशियों के सामने बेहद समस्या उत्पन्न हो गई है। दैनिक उपयोग जैसे नहाना कपड़ा धोना मवेशियों को पानी पिलाना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और प्रतिवर्ष तालाब खुदाई के नाम पर लाखों- करोड़ों रूपये खर्च किया जाता है लेकिन तालाब में गर्मी के दिनों में पानी भरने कोई व्यवस्था नहीं किया जाता जिसके कारण क्षेत्र के अधिकांश तालाब मार्च और अप्रैल में ही सुख जाता है।

## खबर संक्षेप



### हिंदी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की गौरवपूर्ण यात्रा और वर्तमान स्वरूप पर चर्चा

**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल एवं छत्तीसगढ़ मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में हिंदुस्तान के प्रथम हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने 'उदन्त मार्तण्ड' के 200 वर्ष पूर्ण होने को हिंदी पत्रकारिता के इतिहास का एक गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायी अवसर बताते हुए पत्रकारिता के मूल्यों, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की गौरवपूर्ण यात्रा, उसके संघर्ष, विकास और वर्तमान स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर डॉ. सुशील त्रिवेदी ने हिंदी पत्रकारिता की परंपरा एवं उसके सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. श्रीराम परिहार ने 'उदन्त मार्तण्ड' से लेकर वर्तमान डिजिटल पत्रकारिता तक की 200 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा का विस्तृत एवं तथ्यपरक विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विभिन्न कालखंडों में हिंदी पत्रकारिता ने समाज जागरण, राष्ट्रीय चेतना तथा जनमत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सुरेश मिश्रा, प्रख्यात साहित्यकार एवं चिंतक डॉ. श्रीराम परिहार, डॉ. सुशील त्रिवेदी, वीरेंद्र पाण्डेय, डॉ. प्रभात मिश्रा, डॉ. शशांक शर्मा, डॉ. रविन्द्र मिश्रा, डॉ. श्रीचंद मिश्रा, डॉ. सुधीर शर्मा, बड़ी संख्या में साहित्य, पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े नागरिक उपस्थित रहे।

# आंधी-तूफान के 48 घंटे बाद भी सिरको अंधेरे में, बिजली बहाल नहीं होने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शनिवार शाम आई तेज आंधी, तूफान और बारिश के बाद ग्राम सिरको सहित आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। प्राकृतिक आपदा के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी और नवतपा के मौसम में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि तेज हवा के कारण अनेक स्थानों पर पेड़-पौधे उखड़ गए, बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो गए तथा कई मकानों की सीट और छप्पर भी उड़ गए,बिजली के खंबे तक टूटे पड़े मुख्य मार्गों पर पेड़ गिरने से घंटों तक यातायात बाधित रहा। आपदा के बाद राहत एवं मरम्मत कार्यों में अपेक्षित शासकीय सहायता नहीं मिलने से ग्रामीण स्वयं श्रमदान कर रास्ते साफ करने और अन्य समस्याओं के समाधान में जुटे रहे। बिजली आपूर्ति ठप होने से गांव में पेयजल संकट भी गहरा गया है। नवतपा की भीषण गर्मी में लोगों को नहाने, खाने-पीने तथा शौचालय उपयोग जैसी दैनिक आवश्यकताओं के



लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। कई मोहल्लों में ग्रामीणों ने निजी जनरेटर की व्यवस्था कर नलकूपों से पानी निकालकर किसी तरह अपनी जरूरतें पूरी कीं।

ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने पर कर्मचारियों की कमी का हवाला दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि फॉल्ट की तलाश की जा रही है तथा बिजली बहाली में अभी दो दिन और लग सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि समाचार लिखे जाने तक सिरको गांव में विद्युत विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा था। वहीं जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर भी ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत लगभग 98 लाख रुपए की लागत से योजना स्वीकृत होने के बावजूद अब तक कई स्थानों पर पाइपलाइन तक नहीं बिछाई जा सकी है। परिणामस्वरूप बिजली संकट के दौरान ग्रामीणों को पानी के लिए भी भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल करने, क्षतिग्रस्त विद्युत ढांचे की मरम्मत कराने तथा पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## मनमानी : पंचायत स्तर पर विभिन्न विकास कार्य लंबित

# कार्यालयीन समय में सचिव की अनुपस्थिति, भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

■ मामला सिरको पंचायत का, विकास कार्यों की लक्ष्य और पूर्णता पर उठे सवाल

ग्राम पंचायत सिरको में कार्यालयीन समय के दौरान पंचायत सचिव के अनुपस्थित पाए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। पंचायत एवं ग्रामीण विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंचे मीडियाकर्मियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पंचायत कार्यालय में सचिव मौजूद नहीं मिले।

मीडियाकर्मियों ने पंचायत सचिव अरुण बुड़ेक से मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क किया, जिस पर उन्होंने निवास में होने की जानकारी दी। कार्यालयीन समय में सचिव की अनुपस्थिति को लेकर




ग्रामीणों ने पंचायत कार्यों के संचालन और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर विभिन्न विकास कार्य लंबित पड़े हुए हैं, वहीं आवश्यक दस्तावेजी कार्यों एवं प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों के लिए लोगों को बार-बार पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

ऐसे में जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि पंचायत सचिव नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित नहीं रहेंगे तो ग्रामीण विकास योजनाओं का प्रभावी संचालन संभव नहीं हो पाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांवों के विकास और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन होता नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर पंचायत कार्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा लंबित विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

इस संबंध में पंचायत सचिव का पक्ष भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपने निवास स्थान पर होने की जानकारी दी। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# शिक्षा के दम पर पाया मुकाम, पूर्व छात्रों ने बताई गुरु की महत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

■ 2004 बैच के 50 प्रतिशत छात्र शासकीय सेवा में, सिरको रिसोर्ट में जुटे

फुलझर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वर्ष 2004 बैच के कला एवं विज्ञान समूह के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के बूते समाज में एक मुकाम हासिल किया है। इस बैच के लगभग 50 प्रतिशत विद्यार्थी आज शासकीय सेवा में कार्यरत हैं, जबकि अन्य साथी निजी कंपनियों में उच्च पदों पर और राजनीति के क्षेत्र में बड़ा मुकाम हासिल कर चुके हैं। बरसों बाद ये सभी सफल साथी सिरको रिसोर्ट में आयोजित स्नेह मिलन सम्मेलन में एक मंच पर नजर आए। समारोह में पुराने मित्रों ने अपने गुरुजनों को याद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से मिली सीख और विद्यालय के संस्कारों के कारण ही वे आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। सभी ने माना कि एक बेहतर भविष्य का निर्माण केवल गुरु और विद्यालय के मार्गदर्शन से ही संभव है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रचना जैन, विजय राजपूत, आरती उजाला, हियाल, मीरा साहू, सविता सतपथी, रुखमणी नाग, रजनी नाग, कमल निषाद, प्रहलाद देवांगन, किरण दुर्गा समल, दिनेश, सत्यम, देवेश, विकास, सहदेव, प्रवीण साहू सहित कला एवं विज्ञान समूह के अनेक सहपाठी उपस्थित रहे।

# डाइट में विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में प्राचार्य अरुण कुमार प्रधान, उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा के निर्देशन एवं साहित्यिक प्रभारी एवं कार्यक्रम समन्वयक व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर व्याख्याता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राध्यापकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रधान ने कहा कि हम सभी राष्ट्र निर्माता है इसलिए हमें तंबाकू एवं तंबाकू से निर्मित विभिन्न उत्पादों का निषेध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डाइट के छात्राध्यापक भावी शिक्षक है और भावी शिक्षक होने के नाते समाज को जागरुक करना हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

उपप्राचार्य शर्मा ने कहा कि तंबाकू के सेवन से समाज गंभीर बीमारियों से ग्रस्त है एवं सभी के लिये चिन्ता का विषय है। अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर हम सभी को संकल्प लेनी चाहिए कि राष्ट्र निर्माण में हमारा



योगदान हो। कार्यक्रम समन्वयक टेकराम सेन ने अपने साहित्यिक अंदाज में छात्राध्यापकों को प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि धुएं से जलता जाए रे भविष्य हमारा, इस धुएं को दूर भगाए रे भविष्य हमारा (भावी शिक्षक)। उन्होंने कहा कि यह समय हमारे लिये संकल्प का है कि न हम स्वयं तंबाकू का सेवन करे, बल्कि समाज व परिवार को भी इससे बचाएं। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक के सिंग, सुलमा द्विवेदी, राजेश चंद्राकर, व्याख्याता संतोष साहू, किरण कन्नौजे, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, तिलोतमा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू ने भी छात्राध्यापकों को संबोधित किया। छात्राध्यापक मीना ठाकुर के नेतृत्व में सभी छात्राध्यापकों ने धूम्रपान से परिवार व समाज को बचाने का संकल्प लिया।


इस अवसर पर हीमन, अजय, उदित सहित छात्राध्यापक शुभम पोर्ते, धर्मेंद्र जगत, घनश्याम पटेल, अनिकेत कंवर, टोमन भंजारी, मीना ठाकुर, माधुरी मंडावी, भावना दीवान, भारती कालसा, प्रीति सिंह सहित द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक व्याख्याता टेकराम सेन ने किया। उक्त जानकारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से व्याख्याता संतोष साहू ने दी है।

## शासकीय उचित मूल्य दुकानों में किया जाएगा खाद्यान्न वितरण शीघ्र

**महासमुंद।** माह नवंबर 2025 के सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) अंतर्गत खाद्यान्न वितरण के संबंध में खाद्य निरीक्षक पिथौरा ने बताया कि पिथौरा विकासखंड की सहकारी समितियों द्वारा संचालित 19 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल के कारण निर्धारित अवधि में खाद्यान्न वितरण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया था। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर आवश्यक पत्राचार किया गया। माह नवंबर 2025 के वितरण के लिए माह दिसंबर 2025 में विकल्प प्रदान किए जाने के लिए 13 दिसंबर 2025 को कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) को पत्र प्रेषित किया गया था। इसके अलावा जिला स्तर से भी संचालनालय को 02 दिसंबर 2025 एवं 15 दिसंबर 2025 को पत्र भेजकर माह नवंबर 2025 के लंबित वितरण के लिए विकल्प उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। जैसे ही संचालनालय स्तर से माह नवंबर 2025 के वितरण के लिए आवश्यक विकल्प प्राप्त होगा, वैसे ही हितग्राहियों को माह नवंबर 2025 का खाद्यान्न वितरण शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में हितग्राहियों को जानकारी दी जाएगी।

## बिजली नियामक आयोग में चल रहा मंथन

# लगेगा महंगी बिजली का झटका, इस माह नया टैरिफ जारी करने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को इस माह जून से महंगी बिजली का झटका लग सकता है। नए सत्र के लिए बिजली का नया टैरिफ जारी करने की बिजली नियामक आयोग में तैयारी चल रही है। जून में कभी भी इसको जारी किया जा सकता है। आयोग तय करेगा कि नया टैरिफ जून से लागू होया या फिर अगले माह जुलाई से। टैरिफ पर फैसला करने में इसलिए विलंब हो रहा है, क्योंकि आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनियों ने अपने आने वाले चार साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है। इसका आकलन करने में ज्यादा समय लग रहा है। इसी के साथ नए सत्र के लिए 63 सौ करोड़ घाटे की याचिका के कारण भी इसके मंथन में विलंब हो रहा है। नियमों के मुताबिक जब पॉवर कंपनी नए सत्र के लिए टैरिफ का लेखा-जोखा नियामक आयोग में देती है तो उसको चार साल के खर्च का हिसाब देना रहता है। एक बार चार साल का लेखा-जोखा देने के बाद फिर हर साल चार साल का लेखा-जोखा देने की जरूरत नहीं होती है। इसके समाप्त होने पर ही फिर से चार साल का लेखा-जोखा देना पड़ता है।

अलग खबर

### इस तरह हर साल बढ़ेगा खर्च

पॉवर कंपनी ने अपनी याचिका में बताया है कि उसको 2026-27 के लिए 25460.30 करोड़ के राजस्व की जरूरत है। इसमें सबसे ज्यादा 21150.81 करोड़ का खर्च बिजली खरीदने पर होगा। इसी के साथ 3250.34 करोड़ संचारण एवं संधारण का खर्च है। 429.50 करोड़ का ब्याज, 1116.15 करोड़ अन्य व्यय होगा। इसके बाद 2027-28 में बिजली खरीदी पर 22437.96 करोड़ का खर्च होगा। इसके बाद 3614.89 करोड़ संचारण एवं संधारण खर्च, 1259.58 करोड़ अन्य खर्च और 518.27 करोड़ का खर्च ब्याज पर होगा। इस सत्र में कुल 27306.02 करोड़ का खर्च होगा। 2028-29 में 24964.63 करोड़ का खर्च बिजली खरीदी पर होगा। संचारण एवं संधारण का खर्च भी बढ़कर 3940.21 करोड़ होगा। अन्य खर्च जहां 1381.35 होगा वहीं ब्याज पर 587.62 करोड़ लगेंगे। ऐसे में कुल मिलाकर 30307.93 करोड़ के राजस्व की जरूरत होगी। इसी तरह से 2029-30 के सत्र में सबसे ज्यादा 27179.48 करोड़ का खर्च बिजली खरीदी पर लगेगा।

### 63 सौ करोड़ घाटे की याचिका

पॉवरकंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है। ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी। नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा,पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है, ऐसे में नए सत्र के लिए कुल 32 हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत बताई गई है।

## ईपीएफ प्रकरणों में श्रमिकों की बैठक

**रायपुर।** नगर निगम गार्डन में रविवार को लोक निर्माण विभाग विद्युत एवं यांत्रिकी संभाग रायपुर के दैनिक श्रमिकों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक सर्व विभागीय दैनिक श्रमिक कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में की गई। बैठक में प्रांत कार्यकारिणी के पदाधिकारी, विभिन्न संभागों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में प्रभावित श्रमिक शामिल हुए। बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा वर्ष 2021 से 2024 की अवधि के संबंध में जारी नोटिस, विभागीय स्थिति, पात्र श्रमिकों के ईपीएफ अंशदान तथा लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में संबंधित विभागीय अधिकारियों, प्रमुख अभियंता, सचिव लोक निर्माण विभाग एवं ईपीएफ अधिकारियों से पुनः समन्वय स्थापित कर प्रकरण के त्वरित निराकरण के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। संगठन ने सभी श्रमिकों से एकजुट रहने तथा आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने का आग्रह किया है, ताकि लंबित ईपीएफ राशि एवं अन्य वैधानिक लाभों की प्राप्ति की प्रक्रिया को गति मिल सके। बैठक में संघ के प्रांताध्यक्ष राकेश साहू ने कहा कि संगठन श्रमिकों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। ईपीएफ जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र श्रमिक तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। बैठक में दैनिक श्रमिक कल्याण संघ लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष सोमनाथ साहू, श्रमिकों, पदाधिकारी एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता : हेमंत साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फिंगेश्वर में फिंगेश्वर विकासखंड के रूपलाल साहू (सेवानिवृत्ति उच्च वर्ग शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैसातरा,आत्मा राम साहू शा पूर्व मा शाला बोरसी, हरीश कुमार तारक (सेवानिवृत्ति उच्च वर्ग शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लफन्दी) एवं अंजनी यादव शा प्रा शाला राजिम इन चारो शिक्षकों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इसके साथ साथ उनके पी.पी.ओ जी.पी.ओ.एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान आदेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां पर हम अपने



काम की जिम्मेदारियां से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं क्योंकि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता।उन्होंने आगे कहा कि विकासखंड फिंगेश्वर के अंतर्गत भविष्य में शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के दिन संपूर्ण स्वत्वों का भुगतान करने हेतु आश्वस्त किया।ज्ञात हो कि उक्त चारो शिक्षक 31 मई 2026 को सेवानिवृत हुए हैं। इस अवसर पर रामनारायण मिश्रा प्राचार्य, व्याख्याता पूरन लाल साहू, नेमु राम साहू, संतोष साहू, खेमचंद साहू, लेखापाल, सहायक ग्रेड 02 मोहेश्वर मारकंडे,देवेंद्र सिन्हा, ललित डड़सेना, दुष्यंत साहू, रूपचंद साहू एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फिंगेश्वर के कर्मचारी उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष...

### इंदागांव में गहराया...

किया जाए। प्रत्येक वार्ड में स्थायी एवं स्वच्छ पेयजल सुविधा सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणो ने बताया हालंकि सभी वार्डो मे हैंडपंप है लेकिन हैंडपंपो से पानी नहीं निकल पा रहा है और जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है कई जगह लाल आयरनयुक्त पानी आने के कारण मजबुरन ग्रामीण झरिया व नदी का पानी पीने मजबुर हो रहे है इंदागांव के आश्रित ग्राम देवझर अमली की स्थिति भी बेहद खराब है यहां पेयजल की भारी समस्या है।

### नाबालिग से दुष्कर्म ...

आधार पर थाना देवभोग में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 एवं 64(2)(ड) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 एवं 6 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए और साक्ष्य प्रस्तुत किए। प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया। अदालत ने पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपये के अर्थदंड तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 के तहत 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय के इस फैसले को नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों के मामलों में त्वरित न्याय और कठोर दंड का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

### साल्हेभाठ के चारागाह...

लिया गया है और तो और दर्जन भर से ज्यादा वृक्षा को काट दिया गया है बगैर अनुमति के वृक्षो को काटा गया है साथ ही इसकी शिकायत की जानकारी लगते ही अवैध रूप से काटे गये वृक्षो के साक्ष्य को मिटाने के लिए जेसीबी से जड़ तक उखाड़ दिया गया है और मौके से कई वृक्षों को गायब कर दिए गए है आग लगाकर राख में तब्दील कर दिया गया है। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक प्रेमसाय जगत, छबि दीवान, पारेश्वर नेगी, बलिराम ठाकुर एवं ग्रामीणों ने बताया की शासकीय भूमि पर कब्जा किया जाना बेहद गंभीर मामला है लगभग 5-6 माह पहले इसकी शिकायत किया गया था और पटवारी तथा राजस्व विभाग के अधिकारी मौके का निरीक्षण कर अवैध कब्जा किए जाने की पुष्टि किया था लेकिन अब तक इस मामले मे कोई कार्यवाही नही होना समझ से परे है। ग्रामीणो ने अवैध कब्जा हटाने के साथ ही वृक्षो की अवैध कटाई पर कार्यवाही की मांग किया है। ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच खेलन दीवान ने कहा की सरकारी भूमि चारागाह के लिए रखा गया था जिसमें अवैध कब्जा किसान देवराम साहू द्वारा किए जाने की शिकायत मिली है। इस मामले में कार्यवाही किया जाना चाहिए उन्होने बताया इस मामले की शिकायत सुशासन में कलेक्टर गरियाबंद से किया जायेगा। एसडीएम मैनपुर ने कहा की मामले पर कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में मैनपुर एसडीएम हितेश्वरी बाघे ने चर्चा में बताया की मामले की जॉच का निर्देश दिया गया है। जॉच उपरांत उचित कार्यवाही की जायेगी।

### गौमाता के साथ...

कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी घिनौनी हरकत करने का साहस न कर सके। दिनभर यह मामला सोशल मीडिया में चर्चा और बहस का विषय बना रहा। भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि संजय साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, कांग्रेस नेता राजा चांवला, ज्ञानचंद लालवानी, नगर पालिका के सभापति सचिन सचदेव, धीरज साहू, समाजसेवी बलराम देवांगन, श्रीकांत साहू, तुकाराम कंसारी, गौरव पारख, अर्जुन साहू, अनुप खरे, फागुराम ,खिलेश कुमार, विवेक प्रसाद, पदुम पांडे, अतुल जैन, मुकेश निषाद, अभिजीत श्रीवास, प्रेम साधवानी, दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में शहर के लोगो ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए कठोरतम कार्रवाई करने के लिए पुलिस और प्रशासन से आग्रह किया है। बता दें कि पूरे नगर की निगाहें पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि आरोपी को जल्द पकड़कर कानून के दायरे में लाया जाएगा और इस शर्मनाक कृत्य पर कड़ा संदेश दिया जाएगा।

### नौतपा का आखिरी...

भी मानना है कि नौतप्पा के बाद वातावरण में परिवर्तन तेजी से होता है और मानसून की गतिविधियाँ बढ़ने लगती हैं। आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू होने से तापमान में गिरावट आएगी। आने वाले दिनों में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिल सकती है। लगातार भीषण गर्मी झेल रहे लोगों के लिए अब यह समय उम्मीद और राहत का संदेश लेकर आया है। नौतप्पा की आग से तप चुकी धरती अब बारिश की फुहारों का इंतजार कर रही है। लोग प्रार्थना कर रहे हैं कि जल्द ही मानसून दस्तक दे और तपती धरती को ठंडक मिले। खेतों में हरियाली लौटे, तालाब भरें और जनजीवन फिर से सामान्य हो सके।

## खबर संक्षेप



### जिपं अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**कोपरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक के निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने इंद्रजीत महाडिक के स्वस्थ, सुखद एवं उज्वल भविष्य की कामना की। जन्मदिन के अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने भगवान कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि इंद्रजीत महाडिक निरंतर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहते हैं और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं ने भी इंद्रजीत महाडिक को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की।

### गनेकेरा में बकरी बाजार के लिए एक साल तक संचालन की मिली अनुमति

**महासमुंद।** जिले विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत गनेकेरा द्वारा संचालित किए जाने वाले बकरी बाजार को निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अधीन 26 मई 2026 से 25 मई 2027 तक संचालन की अनुमति कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रदान की है। सीईओ जनपद तथा जिला पशु बाजार मॉनिटरिंग समिति की अनुशंसा के आधार पर यह अनुमति दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार बकरी बाजार का संचालन प्रत्येक मंगलवार प्रातः 3 से 10 बजे तक किया जाएगा। बाजार स्थल पर पशुओं के परिवहन के दौरान प्रचलित नियमों एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का पालन, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, मृत पशुओं के उचित निपटान तथा बाजार परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अवैध गतिविधियों, अवैध पशु परिवहन अथवा प्रतिबंधित पशुओं के क्रय-विक्रय पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा है कि बाजार संचालन से आमजन को किसी प्रकार की असुविधा, यातायात बाधा अथवा सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए।

**सौगात : 467 आवेदनों में से कई का मौके पर निपटारा; विधायक रोहित साहू ने दी 25 लाख से अधिक की सौगात**

# पीएम मोदी की गारंटी और साय सरकार की प्रतिबद्धता से हो रहा चौमुखी विकास : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर भेण्ड्री में सोमवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर (सुशासन तिहार) का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में अंचल के 14 गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से जुड़े कुल 467 आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें से अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष को समय-सीमा के भीतर निराकृत करने हेतु संबंधित विभागों को सौंपा गया। शिविर को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन को धरातल पर उतार रही है। 'सुशासन तिहार' के माध्यम से अधिकारी खुद गांव-गांव पहुंचकर जनता की समस्याएं सुन रहे हैं।

विधायक साहू ने बताया कि पिछले 2 वर्षों में प्रदेश के भीतर 45 हजार करोड़ रुपये के ऐतिहासिक विकास कार्य स्वीकृत और संचालित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों जरूरतमंदों को पक्के मकान की स्वीकृति दी गई है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की माताओं-बहनों के खातों में 27 माह में 27 हजार रुपये की सहायता राशि सीधे ट्रांसफर की जा चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि किसानों की सुविधा के लिए अंचल में खाद एवं उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और चरणबद्ध तरीके से सभी किसानों तक खाद की आपूर्ति की जाएगी।




### अधिकारी खुद पहुंच रहे जनता के द्वार

जिला पंचायत अध्यक्ष- जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि प्रदेश में सुशासन का नया अध्याय शुरू हो चुका है। एक दौर था जब आम जनता को छोटे-छोटे कामों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन आज कलेक्टर और तमाम प्रशासनिक अमला स्वयं ग्रामीणों के बीच बैठकर समस्याओं का समाधान कर रहा है। साय सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ जनसरोकारों को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन और किसान हितैषी योजनाओं से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।



### लोकार्पण, बड़ी घोषणाएं और हितग्राही सामग्री का वितरण

शिविर के दौरान राजिम विधायक रोहित साहू ने ग्राम भेण्ड्री को कई बड़ी विकास योजनाओं की सौगात दी और विभिन्न विभागों के माध्यम से हितग्राहियों को सामग्री वितरित की मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित टीना शेड का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही गांव में नई पानी टंकी का भी उद्घाटन हुआ। विधायक साहू ने ग्राम भेण्ड्री में सर्व समाज भवन निर्माण के लिए **15 लाख रुपये देने तथा बगनई नाला के कॉंक्रिटीकरण कार्य कराने की महत्वपूर्ण घोषणा की। शिविर में पहुंचीं दिव्यांग तारणी साहू को बेहतर सहयोग के लिए 10 हजार रुपये स्वेच्छा अनुदान राशि देने की घोषणा की गई। मत्स्य पालन विभाग द्वारा 03 हितग्राहियों को जाल और 02 हितग्राहियों को आईस बॉक्स का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 05 प्रगतिशील किसानों को हरी खाद तथा कुम्हार सशक्तिकरण के तहत 04 कुम्हार हितग्राहियों को आधुनिक इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नन्हे बच्चों का 'अन्नप्राशन' और गर्भवती माताओं की 'गोदभराई' रस्म संपन्न कराई गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले 02 कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मंच पर सम्मानित किया गया।

**कलेक्टर और विधायक ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, ये रहे उपस्थित-** शिविर की संवेदनशीलता और पारदर्शिता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वयं विधायक रोहित साहू और कलेक्टर बी.एस. उइके ने शिविर में बने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर पहुंचकर अपना रूटीन हेल्थ चेकअप कराया और ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस बड़े जिला स्तरीय आयोजन में जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी साहू, जिला पंचायत सदस्यगण नंदिनी साहू, श्रीमती मधुबाला रात्रे, कोमल ढीढी, लेखराज धुर्वा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, राजू साहू, मनीष हरित, दशरथ सिन्हा, मिंजून साहू, भुवन साहू, किशोर साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी और भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## प्रभारी के भरोसे महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री राजवाड़े से अधिकारी नियुक्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में पिछले 5 माह से महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में स्थायी अधिकारी नहीं होने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिला बाल विकास विभाग मैनपुर प्रभारी अधिकारी के भरोसे संचालित हो रहा है यहां के परियोजना अधिकारी दिसम्बर 2025 में सेवा निवृत्त होने के बाद अब 05 माह बाद भी मूल अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। गरियाबंद जिला अधिकारी ही मैनपुर के परियोजना अधिकारी का पद संभाले हुए है जिसके चलते इतना महत्वपूर्ण विभाग का संचालन एक तरह से अधिकारी नहीं होने कारण जिला मुख्यालय से संचालित किया जा रहा है और इस विभाग के जो योजनाओं का लाभ




ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है। मैनपुर में तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी नियुक्ति की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने कई बार जिला कलेक्टर से मांग करने के बाद मांग पूरा नहीं होने से अब छत्तीसगढ़ के महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को पत्र लिखकर मैनपुर में तत्काल परियोजना अधिकारी नियुक्त करने की मांग किया है साथ ही इस मामले में कल ही क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि राजधानी रायपुर पहुंचकर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को मांगपत्र सौपकर मैनपुर में परियोजना अधिकारी नियुक्त करने की मांग करेंगे साथ ही ज्ञापन की प्रतिलिपि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव एवं राजिम विभाग रोहित साहू, महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी को भेजा गया है। ज्ञात हो कि मैनपुर मे सन् 1980 से एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय का संचालन किया जा रहा है और इस परियोजना कार्यालय के अंतर्गत 348 से आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है जिसमें 0 से 6 वर्श के हजारो बच्चे अध्यनरत है और महिला बाल विकास विभाग कार्यालय स्वयं समस्याओ से जकड़ा हुआ है इस विभाग के पास खुद के कार्यालय भवन नही है किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर 100 से ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बेहद जर्जर और खराब हो गया है।

## रसेला में बेरोजगार युवाओं की बैठक रुचि के आधार पर मिलेगा प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के सभी युवक, युवतियों को रोजगारोन्मुखी बनाने और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के निर्देश पर और छुरा थाना प्रभारी एवं थाना स्टाफ के मार्गदर्शन में 31 मई दिन रविवार को ग्राम पंचायत रसेला में बेरोजगार युवक युवतियों की विशेष बैठक आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत रसेला और मेडकीडबरी के स्थानीय बेरोजगार युवक युवतियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा युवक युवतियों से संवाद स्थापित कर उनकी शैक्षणिक योग्यता और अपने रूचि रोजगार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां ली गई। साथ ही जो बेरोजगार युवक युवतियों का नाम एंट्री नहीं हुआ था उसका नाम पता, मोबाइल नंबर एंट्री की गई। सभी बैठक पर उपस्थित बेरोजगार लोगों से यह पूछा गया कि वे किस कार्य क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने में रूचि रखते हैं। ताकि उनकी रूचि एवं क्षमता के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रम तैयार किया जा सके। युवाओं ने सिलाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण, वाहन मरम्मत, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, कृषि आधारित रोजगार, स्वरोजगार एवं अन्य विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की। थाना प्रभारी द्वारा सभी इच्छुक युवक युवतियों की जानकारी संकलित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है। विभाग से जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में संस्थाओं के सहयोग से बेरोजगारो को उनकी पसंद के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर उपसरपंच परमेश्वर यादव,म`डकीडबरी के उपसरपंच धनसाय ध्रुव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, संतराम नेताम,संवाददाता परमेश्वर राजपूत, थाना प्रभारी टीकाराम ध्रुव,एसआई संतराम यादव, मेज़र जयसवाल मौजूद रहे। इस मौके पर उपसरपंच परमेश्वर यादव ने पुलिस विभाग की इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के विकास और युवाओं के भविष्य निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यह पहल क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए उम्मीद लेकर आएगा। कार्यक्रम के दौरान पंच कसराम ठाकुर,डोमेश चौहान, ग्रामवासी सहित छुरा थाना स्टाफ तथा बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक युवतियों मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव को जन्मदिन के अवसर पर उनके सैकड़ों समर्थक निवास पहुंच कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।तो वहीं हजारों लोगों ने फोन के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रविवार सुबह से शाम तक उनके निवास पर यह सिलसिला जारी रहा। साथ ही उनके कांग्रेस समर्थको ने जन्मदिन



के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में मरीजों को फल वितरण कर हालचाल जाना वहीं विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि हम अपने जन्मदिन के अवसर पर सेवा कार्य करें,गरीबों की मदद करें और अपने जन्मदिन को एक सादगीपूर्ण दिन के रूप में सेवा कार्य में समर्पित करने का प्रयास करें।इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष समद खान, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि यशपेंद्र शाह, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिगेन्द्र ठाकुर, ब्लांक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वरी शाह, ब्लांक कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष सलीम मेमन, राजकुमारी सोनी, श्वेता चन्द्राकर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ध्रुव, भावसिंग मरकाम, डागेश्वर ओटी, सरपंच भोजराज ठाकुर, नारायण ओटी, राधेश्याम सेन, पुनितराम ठाकुर उपस्थित थे।

**विकास कार्यों की सौगातः टिन शेड निर्माण का भूमिपूजन और पौधारोपण**

## शिक्षा ही समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधारः महाडिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक का ग्राम जेंजरा आगमन पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान जोरदार आतिशबाजी, फटाकों एवं ढोलक की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया गया। स्वागत उपरांत वे महामाया मंदिर प्रांगण पहुंचे, जहां मां महामाया देवी की विधिवत पूजा-अर्चना कर गांव सहित पूरे क्षेत्र के विकास, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात नया तालाब किनारे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। वहीं जिला पंचायत विकास निधि से स्वीकृत दो लाख रुपये की लागत से महामाया मंदिर प्रांगण में टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के ऊर्जावान, शिक्षित एवं जननायक इंद्रजीत महाडिक उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य हीरामणी साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के मृदुभाषी सरपंच बोधन यादव ने की। वहीं उपसरपंच प्रमोद साहू सहित पंचगण, मोहल्लावासी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंद्रजीत महाडिक ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के मेधावी छात्र-छात्राएं ही कल क्षेत्र, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

अति विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य हीरामणी साहू ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों का आपसी सहयोग आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित के कार्यों में सभी की सहभागिता पर बल दिया।



### एकजुट होकर विकास कार्यों में सहयोग का आह्वान



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच बोधन यादव ने गांव के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीणों के सहयोग से जेंजरा को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करने की बात कही। उन्होंने गांव हित में सभी को एकजुट होकर विकास कार्यों में सहयोग देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन ग्रामीणों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों व अतिथियों के लिए पुलाव और मिठाइयों की व्यवस्था किया गया था। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, जनपद सदस्य हीरामणी साहू, सरपंच बोधन यादव, उपसरपंच प्रमोद साहू, पंच भेदुदास मानिकपुरी, सुभम कंवर, होरिलाल साहू, तिलक ध्रुव, नागेंद्र साहू, ऋषि ध्रुव, भोज बाई साहू, वीणा बाई साहू, कुंती साहू, झांसी कंवर, सोभना साहू, यशवारी साहू, पूरन्द्र साहू, नरायण वर्मा, शिव कुमार साहू, लेखराम साहू, झंगू राम साहू, रोशन साहू समाजिक कार्यकर्ता, मेघराज साहू, जिनेन्द्र साहू, मनीष साहू, खेमचंद साहू, तीजराम, रवि निर्मलकर, सीताराम साहू शामिल थे।

## दवा विक्रेता संघ चुनावः अश्वनी ठाकुर अध्यक्ष और अनिल चंद्राकर बने सचिव

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिला दवा विक्रेता संघ के चुनाव में इस बार दवा व्यापारियों ने बदलाव के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश दिया है। लंबे समय से संगठन में प्रभाव रखने वाले नेतृत्व को चुनौती देते हुए परिवर्तन पैनल ने शानदार जीत दर्ज कर संघ की कमान अपने हाथों में ले ली है। इस चुनाव को जिले के दवा व्यापारियों के बीच संगठनात्मक बदलाव और नई सोच के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव में एक ओर वर्षों से संगठनात्मक जिम्मेदारियां संभाल रहे अनुभवी पदाधिकारी मैदान में थे, वहीं दूसरी ओर पारदर्शिता, सम्मान, एकता और व्यापारियों के हितों की रक्षा का संकल्प लेकर परिवर्तन पैनल चुनावी मैदान में उतरा था। मतदान के दौरान जिलेभर के दवा विक्रेताओं में उत्साह देखने को मिला और मतगणना के बाद परिणामों ने संगठन में नए अध्याय की शुरुआत का संकेत दे दिया। घोषित परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर अश्वनी सिंह ठाकुर, सचिव पद पर अनिल चंद्राकर, उपाध्यक्ष पद पर दिनेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष पद पर गुहाराम सोनकर, संगठन सचिव पद पर रुद्रदेव वर्मा, सहसचिव पद पर ललित साहू तथा जनसंपर्क अधिकारी पद पर चेतन मेघवानी ने जीत हासिल की। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। विजयी उम्मीदवारों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। कई पदों पर मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और अंतिम दौर तक परिणामों को लेकर उत्सुकता बनी रही। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अश्वनी सिंह ठाकुर और सचिव अनिल चंद्राकर सहित पूरी टीम ने जिले के दवा विक्रेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे दवा विक्रेता समाज के विश्वास और परिवर्तन की भावना की जीत है। उन्होंने संगठन के प्रत्येक सदस्य के हितों की रक्षा, व्यापारिक समस्याओं के समाधान और दवा व्यवसाय से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने का भरोसा दिलाया। दवा व्यापारियों का मानना है कि यह चुनाव केवल पदाधिकारियों के चयन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि संगठन में लोकतांत्रिक जागरूकता और सक्रिय भागीदारी का प्रतीक बनकर सामने आया है। वर्षों बाद हुए इस बदलाव को जिले के दवा व्यापारियों ने संगठन के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है। गरियाबंद जिला दवा विक्रेता संघ के इतिहास में परिवर्तन पैनल की यह जीत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। अब जिलेभर के दवा व्यापारियों की नजरें नई टीम की कार्यशैली, निर्णयों और संगठन को नई दिशा देने वाले प्रयासों पर टिकी हुई हैं।





**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांकः 01/6/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र पाण्डेय पिता जुगल किशोर पाण्डेय निवासी श्रीजी कालोनी अभनपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम गिरोला, प.ह.न. 27 रा.नि.म. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 183/1, 183/7, 183/8, 183/9 रकबा 0.12, 0.12, 0.12, 0.12 भूमि का सीमांकन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अभनपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 08/06/2026 को समय 11:00 बजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथि को ग्राम गिरोला स्थित पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक अभनपुर**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आवास योजना की राशि में भी बढ़ोत्तरी करे सरकार : यादव



**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर महामंत्री गेंदु यादव ने कहा की लगातार बढ़ती महंगाई को देखते हुए पीएम आवास बनाने की राशि में वृद्धि किया जाए श्री यादव ने कहा कि स्टील, सीमेंट, रेत, इंट, गिट्टी, इलेट्रिक समान, रंग–पेंट, सेनेटरी समान, दरवाजा–खिड़की, टाईल्स के दाम एवं मजदूरी में बढ़ोत्तरी होने के चलते पीएम आवास बनाने की लागत मूल्य में भारी वृद्धि हो गई है। ऐसे में पीएम आवास बनाने योजना में दी जा रही राशि से आवास बनाना कठिन हो गया है। महंगाई के चलते पीएम आवास के हितग्राहियों के आवास के काम रुक गये है, उन्हें मोटे ब्याज में कर्ज लेकर, जेवर गिरवी रखकर आवास निर्माण पूरा कराने मजबूर हो रहे है। ऐसे में सरकार को योजना की राशि में वृद्धि कर आवास बनाने में मदद करना चाहिये। ताकि हितग्राही मजबूरी में कर्ज के जंजाल में न फंसे व अधूरा आवास बारिश के पहले पूरा हो सके।

### जिला भाजपा के सोशल मीडिया संयोजक बने कन्हैया चक्रधारी



**सुरसाबांधा।** जिला भाजपा के सोशल मीडिया संयोजक का दायित्व कन्हैया चक्रधारी को दी गई। इससे भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखा गया। विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, आशीष शर्मा, शिवांगी चतुर्वेदी, अमित बखारिया, सुमित पारख, वीरेंद्र साहू, स्निग्धा शर्मा, नागेंद्र साहू, टीकमचंद साहू, दीपक साहू, सोहन साहू, केशव साहू, मदन निषाद, गौतम शर्मा, जवाहर शर्मा, स्वर्णिम शर्मा, गोपाल साहू एवं ग्राम पंचायत पांडुका की सरपंच भानु ध्रुव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने कन्हैया चक्रधारी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दी है।

### तीव्र गति से पूरा हो रहा हर गरीब को पक्के मकान का संकल्प : योगेश



**मैनपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित योगेश शर्मा ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना और लखपति दीदी योजना के तहत मिल रही युगान्तरकारी सफलताओं पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति गहरा आभार व धन्यवाद प्रकट किया है। श्री शर्मा कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार अंत्योदय के संकल्प को धरातल पर उतार रही है। हर गरीब को पक्का घर देने के प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प को राज्य में जिस तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है वह बेहद सराहनीय है। वित्तीय वर्ष 2026–27 के आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों को 2677.15 करोड़ रुपये की केंद्रीय और राज्यांश राशि जारी करना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### नाराजगी : काली मंदिर के पास गाड़ियों को रोककर जताया विरोध

# प्रतिबंध के बावजूद बीच बाजार से निकल रहा रेत से भरा हाइवा, कांग्रेसियों ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शहर में प्रतिबंध और लगातार विरोध के बावजूद सोमवार दोपहर लगभग बारह बजे के आसपास एक बार फिर रेत से भरी भारी-भरकम हाइवा गाड़ियां बीच बाजार से दनदनाती हुई गुजरती नजर आईं। सोमवारी बाजार होते हुए गंज रोड जैसे भीड़भाड़ वाले मार्ग पर तेज रफ्तार से दौड़ती इन गाड़ियों को देखकर शहरवासियों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि जिस मार्ग पर दिन भर आम नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और व्यापारियों की आवाजाही रहती है, वहां इस तरह भारी वाहनों का बेलगाम प्रवेश किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण देने जैसा है। जैसे ही रेत भरी हाइवा के बाजार क्षेत्र में प्रवेश करने की खबर फैली, वैसे ही स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा, कांग्रेस नेता राजा चावला सहित बड़ी संख्या में नागरिक मां काली मंदिर के पास पहुंचे और गाड़ियों को रोककर विरोध किया। इन्होने प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब शहर में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर लगातार विरोध हो रहा है, तब आखिर इन गाड़ियों को संरक्षण कौन दे रहा है? प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रेत से भरी लदी ये हाइवा इतनी तेज रफ्तार में चल रही थीं कि कई बार लोग डर के कारण सड़क किनारे हटते नजर आए। बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई। व्यापारियों ने भी इस पर गहरी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि दिन के समय बाजार पूरी तरह भरा रहता है और ऐसे में भारी वाहन गुजरना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। यदि थोड़ी सी भी चूक हुई तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। बताया जा रहा है कि ये रेत से भरी गाड़ियां नदी के उस पार धमतरी जिले की ओर स्थित रेत खदानों से होकर शहर के भीतर प्रवेश कर रही हैं। सोशल मीडिया में भी यह मामला पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने वीडियो और तस्वीरें साझा करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। कई लोगों ने लिखा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाएगा।





#### चार दिन पहले भाजपा नेताओं ने भी की थी कार्रवाई

मालूम हो कि चार दिन पहले नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं भाजपा मंडल महामंत्री सिंटु सौरभ जैन ने ऐसे की इसी गंज रोड से निकल रही रेत भरी हाइवा को रोका और थाना भिजवाकर पुलिस एवं माइनिंग विभाग के अधिकारियो से कार्रवाई कराया। जो गाड़ियां दिन में निकल रही है वे अधिकतर गाड़ियां दुर्ग आरटीओ पासिंग की नजर आती है। अब तो इस मामले में क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विधायक इंद्रकुमार साहू को भी सामने आकर संज्ञान लेकर दखल देना चाहिए क्योंकि ये उनके निर्वाचन क्षेत्र का बड़ा शहर है और इस शहर में हाइवा वाहनो से जब-जब दुर्घटना हुई है तब तब कई लोगो की जाने जा चुकी है। दुर्घटना के बाद शहर में बड़ा बवाल भी हुआ है। लोग टायर जलाकर चक्काजाम करके विरोध प्रकट कर चुके है। ऐसी नौबत आने के पहले बहुत ही सख्ती के साथ सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक हाइवा जैसे रेत भरी वाहन को प्रतिबंधित की जानी चाहिए। वैसे शहर के दोनो हिस्से सोमवारी बाजार पुल और गंज मार्ग पर प्रवेश द्वार पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में प्रतिबंधित समय सुबह 6 से रात 10 बजे का बोर्ड लगा हुआ है बावजूद हाइवा चालक मान नही रहे है।



### रोहित साहू ने स्वयं चाक पर बनाया मिट्टी का दीया

**सुरसाबांधा।** राजिम विधायक रोहित साहू ने स्थानीय कुम्हार समुदाय के बीच पहुंचकर पारंपरिक मिट्टी शिल्पकला का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कुम्हार के चाक पर स्वयं मिट्टी का दीया बनाकर श्रम और स्वदेशी कला के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विधायक रोहित साहू ने कहा कि कुम्हारों की कला भारतीय संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर है। मिट्टी से निर्मित दीये न केवल पर्यावरण के अनुकूल होते हैं, बल्कि स्थानीय कारीगरों की आजीविका को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने लोगों से त्योहारों एवं विशेष अवसरों पर मिट्टी के दीयों और स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कुम्हार समाज के लोगों ने विधायक को चाक संचालन एवं दीया निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराया। विधायक ने बड़ी उत्सुकता के साथ चाक पर मिट्टी को आकार देते हुए दीया तैयार किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश की समृद्ध लोक परंपराओं तथा हस्तशिल्प कलाओं के संरक्षण के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

## भेण्डरी सोसायटी में खाद लेने के लिए लगी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-भेण्डरी

भेण्डरी सोसायटी में खरीफ फसल के लिए किसान बड़ी संख्या में खाद लेने पहुंच रहे है। खाद्य मानक हिसाब से दिया जा रहा है। एक एकड़ में दो बोरी यूरिया और एक बोरी डीएपी खाद दी जा रही है। धान बीज सरना, महामाया 1061.40, यूरिया खाद 266.50 पैसा, डीएपी 1450 रूपया पोटाश 1800 रूपया सुपर फास्फेट का मूल्य 510 रूपया है। समिति प्रबंधक कार्तिक राम साहू ने बताया कि ढाई एकड़ के किसानों को एक बार में खाद देना है और जिस किसान का 5 एकड़ है उन किसानों को दो बार खाद मिलेगा और 10 एकड़ वाला किसान है उसे तीन किस्त में खाद वितरण किया जाएगा।

## छह वर्षों से अधूरा पुस्तकालय भवन अब होगा पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

खबर का असर

हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित भूमिपूजन हुआ, लेकिन छह साल बाद भी अधूरा पड़ा पुस्तकालय भवन समाचार का असर अब दिखाई देने लगा है। समाचार प्रकाशित होने के बाद जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर गया है तथा लंबे समय से अधूरे पड़े पुस्तकालय भवन को पूर्ण कराने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। गौरतलब है कि फिंगेश्वर विकासखंड के लोहरसी हाई स्कूल परिसर में पुस्तकालय भवन का भूमिपूजन लगभग छह वर्ष पूर्व बड़े उत्साह के साथ किया गया था, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा रह जाने के कारण छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। हरिभूमि ने इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया था।

समाचार के प्रकाशन के बाद क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भवन निर्माण पूर्ण कराने के लिए आवश्यक पहल की है। बताया जा रहा है कि शेष कार्यों को जल्द पूरा करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे वर्षों से बंद पड़ा यह भवन जल्द ही विद्यार्थियों और ग्रामीणों के उपयोग के लिए उपलब्ध हो सकेगा। पुस्तकालय भवन पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, संदर्भ पुस्तकों के अध्ययन तथा ज्ञानवर्धन के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। वहीं ग्रामीणों को भी अध्ययन और जानकारी प्राप्त करने का एक सशक्त केंद्र उपलब्ध होगा। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर पुस्तकालय को संचालित किया जाएगा, जिससे शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होंगी। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने हरिभूमि द्वारा इस महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे को उठाने की सराहना करते हुए कहा कि मीडिया की सकारात्मक पहल से वर्षों से लंबित कार्यों को गति मिलती है। अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही पुस्तकालय भवन पूरी तरह तैयार होकर ज्ञान का केंद्र बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।


भूमिपूजन हुआ, लेकिन छः साल बाद भी अधूरा पड़ा पुस्तकालय भवन
अब तक 3.50 लाख की राशि भेजी गई



## 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन, 160 खिलाड़ियों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ खेल केवल मनोरंजन नहीं, व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम : अनिल

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा कान्हा युवा मंडल गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन गांधी मैदान परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। एक मई से 31 मई तक चले इस शिविर में जिले के लगभग 160 बच्चों ने विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकर कोषाध्यक्ष भाजपा अजय रोहरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशिफ मेमन, पार्षद सुरेन्द्र सोनटेके, संदीप सरकार, रेनुका साहू, मधु देवांगन तथा विकासखंड नोडल संजीव साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनिल चन्द्राकर ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण और टीम भावना को जीवन में अपनाने की सीख देते हुए कहा कि मैदान में सीखे गए संस्कार हर क्षेत्र में सफलता दिलाने में सहायक होते हैं। नगर पालिका उपाध्यक्ष आशिफ मेमन ने कहा कि वर्तमान समय में खेल युवाओं के लिए बेहतर करियर विकल्प बनकर उभरा है। खेलों के माध्यम से खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना-** अतिथियों ने भीषण गर्मी के बावजूद सुबह और शाम नियमित अभ्यास करने वाले जूनियर एवं सब-जूनियर खिलाड़ियों के उत्साह और समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा कान्हा युवा मंडल को फुटबॉल, वॉलीबॉल और खो-खो जैसी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सफल आयोजन पर बधाई दी। समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट और शूज वितरित कर सम्मानित किया गया। उपहार पाकर खिलाड़ियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया। आयोजन के सफल समापन पर प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों ने भी संतोष व्यक्त किया।

## नायब तहसीलदार से मारपीट का मामला, पटवारी संघ ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सरगुजा जिले के मैनपाट क्षेत्र में पदस्थ नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तुषार मानिक के साथ कथित मारपीट और अभद्र व्यवहार के मामले ने अब राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में तूल पकड़ लिया है। घटना के विरोध में जिला राजस्व पटवारी संघ गरियाबंद ने प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संघ द्वारा जारी ज्ञापन के अनुसार 27 मई 2026 को उप तहसील राजापुर, तहसील मैनपाट में पदस्थ नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटना हुई। पटवारी संघ ने आरोप लगाया है कि इस घटना में क्षेत्रीय विधायक रामकुमार टोप्पो और उनके समर्थक शामिल थे।

पटवारी संघ ने कहा कि किसी शासकीय अधिकारी के साथ सार्वजनिक रूप से इस प्रकार का व्यवहार न केवल सरकारी सेवक की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था और कानून के शासन को भी चुनौती देता है। संघ का कहना है कि ऐसी घटनाओं से कर्मचारियों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल बनता है, जिससे शासकीय कार्य प्रभावित हो सकते हैं। संघ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की मांगों का समर्थन भी किया है।

#### कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन



राजस्व पटवारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मामले में जल्द और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो राजस्व कर्मचारी बिना पूर्व सूचना के आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। यह ज्ञापन राजस्व पटवारी संघ जिला गरियाबंद के कार्यकारी जिला अध्यक्ष के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रदेशाध्यक्ष राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ सहित जिले के सभी तहसील अध्यक्षों को भी भेजी गई।


### बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

# विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ संस्कार भी जरूरी : ओमकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

श्री दक्षिणमुखी सुंदरकांड मंदिर समिति द्वारा रविवार शाम शहर के सरकारी अस्पताल परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बोर्ड के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान में मेमोंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और प्रतिभा को प्रोत्साहन देने का सुंदर संदेश देखने को मिला। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. राजेंद्र गदिया ,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के सभी पत्रकार, गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री गणेश जी एवं हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। समिति के सदस्यों ने सर्वप्रथम अतिथियों का तिलक चंदन कर आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्मान प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था, वहीं माता-पिता भी अपने बच्चों की उपलब्धि देखकर भावुक और गौरवान्वित नजर आए। शहर के सबसे वरिष्ठतम डॉ बलजीत सिंह ने इस सफलता पर बच्चो को बधाई और शुभकामना देकर अच्छी पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। डॉ राजेंद्र गदिया ने कहा कि हर बच्चे में अनूठी प्रतिभा है। उसे समय पर पहचानकर निखारना जरूरी हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि अच्छे अंकों की तारीफ तो हम करते ही है इसके साथ ही संस्कार भी जरूरी हैं। ज्ञान तभी सार्थक है जब वह विनम्रता और नैतिकता से जुड़े।

#### ऐसे समारोह से बच्चो का मनोबल बढ़ता है : श्यामकिशोर शर्मा



अतिथि के रूप में विशेष रूप से मौजूद हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा ने कहा कि कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन का माध्यम बना, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और प्रेरणा का संदेश भी देने वाला साबित हुआ है। समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है। कहा कि सम्मान मिलने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उनमें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा जागृत होती है। ऐसे आयोजनों से अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करने और आगे बढ़ने की सीख मिलती है।

#### प्रतिष्ठित नागरिक और मातृशक्ति रहीं उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान शेखर-सुमन देवांगन ने जानकारी दी कि कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर के 20 मेधावी छात्र-छात्राओं जिनमें देवकुमार दुबे, मोहित कंसारी, सुमन टंडन, पूजा निषाद, गरिमा सोनकर, तृप्ति साहू, नेहा भिमानी, सिद्धि शर्मा, वंशिका कर्नल, गरिमा साहू, पूजा देवांगन, चंचल देवांगन, निलेश यादव, गायत्री सोनकर, झिलमिल, अदिति जैन, लवन्या अग्रवाल, प्रियांश साहू, इंद्राज द्विवेदी, अभिनव साहू शामिल है। इन्हें शील्ड, प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। बेहतरीन संचालन लेखिका /कवयित्री सरोज कंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उमाशंकर देवांगन, बभ्रुवाहन देवांगन, ब्रह्मदत्त शर्मा, ऊमेश यादव ,केशव सोनकर, नंदकुमार कंसारी, दुष्यंत तारक, वरिष्ठ पत्रकार विनोद जैन, प्रवीण देवांगन, रानुप्रिया, मनीष जैन, विशेषर हिरवानी,तुकाराम कंसारी, नागेंद्र निषाद सहित गौरीशंकर निर्मलकर, अशोक गंगवाल, सुशील बोथरा, कविता शर्मा, खिलेश साहू, भोजराम यादव, विनोद साहनी, अनिल दुबे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मातृशक्तियां मौजूद रही।



### मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर किशोरी बालिकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मैनपुर।** बेटियों के सशक्तिकरण तथा उनके स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर व्यापक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व द्वारा कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं में मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों और सामाजिक मिथकों को दूर कर उन्हें वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान किय गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा मासिक धर्म की प्राकृतिक प्रक्रिया, शारीरिक एवं मानसिक बदलाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व तथा इस अवधि में बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में किशोरियों को सेनेटरी पैड के सही उपयोग, नियमित अंतराल पर पैड बदलने, स्वच्छता बनाए रखने तथा उपयोग किए गए सेनेटरी पैड के सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल निपटान की जानकारी दी गई। साथ ही मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान एवं आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह लेने के बारे में भी जागरूक किया गया।